DELHI SARKARI RATION DEALER'S SANGH - DELHI

Office : Shop No. 2 & 3, C-4, DDA Market, First Floor, Lawrance Road, Keshavpuram, Delhi-110035

E-mail : dsrdsdelhi@gmail.com Website : www.dsrdsdelhi.com

DSRDS

SHIV KUMAR GARG
President
9212567435

JAGDISH PRASHAD
Sr. Vice President
9810406015

KUNJ BIHARI BANSAL
Vice-president
9810630323

SHYAM SUNDAR
Vice President
9911178848

SUNIL SHARMA
Vice President
9310023180

MANOJ SHARMA
Vice President
9582203929

HARI KRISHAN (LILU)
Vice-President
9212442834

SITA RAM
Gen. Secretary
9312238830

RAJNEESH SHARMA
Secretary
9818569678

SAURABH GUPTA
Secretary
9810943745

MATLOOB ALAM
Secretary
9818946781

MANJEET KAUR
Secretary
9210565722

RAHUL AGGARWAL
Cashier
9871420213

Ref. : DSRDS-DELHI/2017/NO.__________ *Date :* 26/12/17

प्रेस विज्ञप्ति

कमीशन न बढ़ाने पर राशन डीलर्स हड़ताल पर

सादर प्रकाशनार्थ

मुख्य सम्पादक महोदय/महोदया,

दिल्ली सरकारी राशन डीलर्स संघ-दिल्ली प्रदेश(DSRDS-DELHI) के बैनर तले दिल्ली के समस्त राशन डीलर्स के साथ आम मीटिंग दिनांक 26 दिसंबर 2017 को MCD ग्राउंड, रोहिणी सेक्टर-13 दिल्ली-85 ,भगवती हॉस्पीटल के पीछे हुई , जिसमे दिल्ली के राशन डीलर्स के हित में विभिन्न मांगो के समर्थन में लिया गया निर्णय यह है कि

. दिल्ली में, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, दिल्ली सरकार के अंतर्गत कार्यरत 2260 उचित दर दुकानदारों की रोजी-रोटी अर्थात राशन दुकानों के और परिवार के भरण पोषण हेतू मासिक खर्चो की अनदेखी के कारण तथा विभाग और दिल्ली सरकार की उदासीनता तथा अकर्मण्यता के कारण, दिल्ली के समस्त उचित दर दुकानदार(राशन डीलर्स) विवश होकर यह उद्घोषणा करते है,कि फरवरी-2018 माह के लिये राशन सामग्री(गेहू/चावल/चीनी) का अग्रिम भुगतान ECS/बैंक ड्राफ्ट/चेक के माध्यम से या राशन सामग्री की प्राप्ति या फिर राशन वितरण तब तक नही करेंगे, जब तक दिल्ली सरकार और विभाग, दिल्ली के राशन डीलर्स की रोजी-रोटी/आजीविका के मासिक खर्च के लिये उत्तरदायी नही होती,और इस सम्बंध में लिखित आदेश पारित नही करती। दिल्ली के जरूरत मंद राशन उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी के लिए विभाग और दिल्ली सरकार जिम्मेदार होगी।

* दिल्ली सरकार से दिल्ली के राशन डीलर्स की मुख्य माँग*

1. दिल्ली में राशन डीलर्स की रोजी-रोटी के मासिक खर्च अर्थात, राशन दुकान के मासिक खर्च, जैसे:-स्टेशनरी, बिजली,हेल्पर की सैलरी,अन्य खर्च तथा दुकान का मासिक किराया-

DELHI SARKARI RATION DEALER'S SANGH - DELHI

Office : Shop No. 2 & 3, C-4 DDA Market, First Floor, Lawrance Road, Keshavpuram, Delhi-110035

E-mail : dsrdsdelhi@gmail.com Website : www.dsrdsdelhi.com

DSRDS

SHIV KUMAR GARG
President
9212567435

JAGDISH PRASHAD
Sr. Vice President
9810406015

KUNJ BIHARI BANSAL
Vice-president
9810630323

SHYAM SUNDAR
Vice President
9911178848

SUNIL SHARMA
Vice President
9310023180

MANOJ SHARMA
Vice President
9582203929

HARI KRISHAN (LILU)
Vice-President
9212442834

SITA RAM
Gen. Secretary
9312238830

RAJNEESH SHARMA
Secretary
9818569678

SAURABH GUPTA
Secretary
9810943745

MATLOOB ALAM
Secretary
9818946781

MANJEET KAUR
Secretary
9210565722

RAHUL AGGARWAL
Cashier
9871420213

Ref. : DSRDS-DELHI/2017/NO. Date :

दिल्ली के राजस्व विभाग या MCD वार्ड की लोकेशन के हिसाब से तय करे सरकार, इसके अलावा परिवार के भरण-पोषण हेतू कमीशन बढ़ाये सरकार। या फिर मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर मोहल्ला राशन डिपो खोलकर राशन डीलर्स को PDS STATE EMPLOYEE घोषित करे सरकार।

2. दिल्ली में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्ड के अलावा अन्य जरूरतमंद परिवारों को पूर्व की भाति APL मूल्य पर राशन उपलब्ध कराए सरकार.
3. दिल्ली में राशन डीलर्स द्वारा राशन वितरण के उपरान्त होने वाली छिद्दत/ कमी, (HANDLING LOSS/SHORTAGE)को पहले की भाँति मान्य करे सरकार.
4. दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति लिमिटेड के अंतर्गत कार्यरत ट्रांसपोर्ट ठेकेदार की लेबर द्वारा राशन की आपूर्ति को राशन की दुकानों में रखने की एवज में 10 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से लगभग 40 लाख रुपये महीना की अवैध उगाही पर पूर्णतः रोक लगाने में राशन डीलर्स की मदद करे सरकार।
5. दिल्ली के राशन डीलर्स का एक वर्ष अवधि(1सितंबर-2013 से 31अगस्त-2014) का बकाया(AREAR) भुगतान शीघ्रातिशीघ्र करवाए सरकार।
6. दिल्ली में कमीशन बेस पर कार्यरत राशन डीलर्स के मासिक कोटे की मात्रा को एक समान (RATIONALIZATION) करे सरकार।
7. दिल्ली में राशन दुकानों के लाइसेंस को नवीनीकरण हेतु राशन डीलर्स के कार्य करने की अधिकतम उम्र सीमा 60 वर्ष की पाबंदी को खत्म करे सरकार। और इन दुकानों के लाइसेंस को ऑनलाइन ही रिन्यूअल करवाए सरकार।
8. दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा राशन दुकानों पर पूरी मात्रा, सही गुणवत्ता और गेहू , चावल तथा चीनी के सैम्पल की आपूर्ति को सुनिश्चित करे सरकार।
9. खाद्य एवं आपूर्ति विभाग-दिल्ली,आयुक्त के निर्देशानुसार दिल्ली के राशन डीलर्स द्वारा बैंक ऑफ बरोदा में खुलवाये गये सभी चालू खातों को बंद करने के तुरंत आदेश करे सरकार।

सधन्यवाद

आपका शिव कुमार गर्ग

अध्यक्ष- दिल्ली सरकारी राशन डीलर्स संघ-दिल्ली प्रदेश (DSRDS-DELHI)

मोबाइल - 9212567435